राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

स्मार पत्र

संख्या–प0नि0(स्था0)–30–38 / 2024...3294

प्रेषक,

संजय कुमार
विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण।

पटना, दिनांक– 21.8.24

विषय :– **पंचायत आम निर्वाचन, 2021; पताही प्रखंड अन्तर्गत बाराशंकर पंचायत के सरपंच पद के मतगणना में अनियमितता के संबंध में।**

प्रसंगः– **आयोग का पत्रांक–2450, दिनांक–04.06.2024 पत्रांक–1889, दिनांक–19.04.2024 एवं पत्रांक–1698, दिनांक–02.04.2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का अवलोकन करना चाहेंगे।

पंचायत आम निर्वाचन, 2021; पताही प्रखंड अन्तर्गत बाराशंकर पंचायत के सरपंच पद के मतगणना में हुई अनियमितता के संबंध में चुनाव वाद सं0–13 / 2021 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन हेतु आयोग के पत्रांक–1698 दिनांक–02.04.2024 द्वारा दिशा निदेश प्रेषित किया गया था। साथ ही दिनांक–05.04.2024 तक तत्कालीन निर्वाची पदाधिकारी–सह–प्रखंड विकास पदाधिकारी, पताही के विरूद्ध जिला स्तर से की गयी कार्रवाई से अवगत कराने के निदेश भी दिया गया था। निर्धारित तिथि तक वांछित प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आयोग के पत्रांक–1889 दिनांक–19.04.2024 द्वारा स्मारित किया गया। वांछित प्रतिवेदन अभी तक अप्राप्त है।

अतएव निदेशानुसार अनुरोध है कि तत्कालीन निर्वाची पदाधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कृत कार्रवाई से आयोग को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन,
21/8/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।